प्रेस नोट दिनांक 01.06.2025

थाना मुगलसराय जनपद चंदौली

➡️ मुगलसराय थानाक्षेत्र में भारी मात्रा में चोरी की मोबाइलों के साथ 04 शातिर चोर गिरफ्तार।

➡️ अभियुक्तों के कब्जे से 30 मोबाईल फोन बरामद।

➡️ ट्रेन यात्रियों व घरों से मोबाइलों व कीमती सामानों की चोरी करता था यह गिरोह।

चंदौली- श्री पीयूष मोर्डिया अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी, श्री वैभव कृष्ण पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र वाराणसी के निर्देशन में श्री आदित्य लांग्हे, पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्री अनन्त चन्द्रशेखर, अपर पुलिस अधीक्षक सदर (IPS) व राजीव सिसौदिया, क्षेत्राधिकारी PDDU नगर के पर्यवेक्षण में गगन राज, थानाप्रभारी मुगलसराय की टीम द्वारा मोबाइल चोरों के गिरोह के 04 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 30 मोबाईल व 7600/-₹ की बरामदगी की गयी है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 31.05.25 को उ0नि0 अभिषेक शुक्ला, उ0नि0 दिलीप कुमार सिंह को सूत्रों से सूचना मिली कि कुछ लड़के सन फ्लावर स्कूल बहादुरपुर के आगे एक सुनसान स्थान पर बैठकर चोरी की मोबाइलों का बटवारा कर रहे है । इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा चौकी प्रभारी दुलहीपुर उ0नि0 तरूण कुमार कश्यप को साथ लेकर सन फ्लावर स्कूल बहादुरपुर के पास चिन्हित स्थान पर पहुंचने पर कुछ व्यक्ति बैठे दिखाई दिए। घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम को देखकर बैठे व्यक्ति भागने लगे। घेराबंदी में 04 युवकों को समय 23:57 बजे पकड लिया गया तथा एक युवक मौके से भागने में सफल हो गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान क्रमशः

1.अल्फाज (19 वर्ष) पुत्र अजीजुरहमान निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी के रूप में हुयी। जिसकी तलाशी के दौरान बरामद झोले से 12 मोबाइल (10 एण्ड्राइड व 02 कीपैड) मोबाइल फोन व 7000 रूपये नकद बरामद हुए।

2.सूरज यादव (27 वर्ष) पुत्र दशरथ यादव निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर जनपद वाराणसी के रूप में हुयी। जिसकी तलाशी के दौरान बरामद झोले से 07 मोबाइल फोन व 100 रूपये बरामद हुए ।

3.साहिल कुमार बिन्द (20 वर्ष) पुत्र शम्भू बिन्द निवासी पैगम्बरपुर पंचकोसी के रूप में थाना सारनाथ वाराणसी बताया। जिसकी तलाशी के दौरान बरामद झोले से 07 एण्ड्राइट मोबाइल फोन व 300 रूपये नकद बरामद हुआ।

4.शेखर पटेल (20 वर्ष) पुत्र मोतीलाल पटेल निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली के रूप में हुयी। जिसके कब्जे से 01 कीपैड व 03 एण्ड्राइल मोबाइल फोन व 200 रूपये बरामद हुआ।

बरामद कुल 30 मोबाइल व 7600 रूपये को कब्जा पुलिस में लिया गया। फरार अभियुक्त की पहचान प्रिन्स साहनी पुत्र सेचू साहनी निवासी सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी के रूप में हुयी।

पूछताछ विवरण:-

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हमलोग रात्रि में लोगो के घरो में घुसकर मोबाइल फोन व पैसा आदि चोरी करते है तथा रेलवे लाईन पर खड़े होकर ट्रेन में गेट पर बैठकर सफर करने वाले यात्रियों को पानी की बोतल से मारकर उनके मोबाइल फोन गिराकर लेकर भाग जाते है। उक्त घटना में हम लोगो का साथी प्रिन्स साहनी उपरोक्त भी साथ रहता है। कुछ चोरी के मोबाइल उसके पास भी है तथा ग्राम मढ़िया जलीलपुर ,चौरहट ,डोमरी, आदि स्थानो से चोरी किये गये मोबाईल काफी ज्यादा हो गये थे जिनको हम लोग कार्य के आधार पर बटवारा करने के लिए यहां पर एकत्र थे। बटवारे के पश्चात उक्त चोरी किये गये मोबाइल फोन को हम लोग राह चलते ट्रक ड्राइवरो को बेचते है।

▪ दिनांक 30.05.25 को ग्राम मढ़िया तड़वाबीर बाबा मंदिर के पीछे एक घर से तीन मोबाइल फोन व 10000 रू नकद की हम पाँचो ने मिल चोरी किया था जो पैसा हम लोगो से पास से बरामद हुआ है वह सारे पैसे उसी घटना से सम्बन्धित है तथा उस घटना में चोरी किये गये कुछ मोबाइल प्रिन्स साहनी के पास भी है। जो मौके से फरार हो गया है।

पकड़े गये चोरो उपरोक्त व्यक्तियो का यह कार्य अन्तर्गत धारा-305/317(2)/112(2)/317(4) BNS का अपराध है।

पंजीकृत अभियोग-

मु.अ.सं. 293/2025 धारा-305/317(2)/112(2)/317(4) BNS थाना मुगलसराय चन्दौली।

गिरफ्तार अभियुक्त व आपराधिक इतिहास-

1.अल्फाज उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र अजीजुरहमान निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी.
1.मु0अ0सं0 269/25 धारा 112(2)/317(2) बीएनएसएस थाना मुगलसराय चन्दौली
मु0अ0सं0 195/23 धारा 380/411/413/454 भादवि थाना रामनगर वाराणसी
3.मु0अ0सं0 50/24 धारा 411 भादवि व 22/8 एनडीपीएस एक्ट जीआरपी वाराणसी
मु0अ0सं0-293/25 धारा-305/112(2) BNS थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली
2.साहिल कुमार बिन्द उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र शम्भू बिन्द निवासी पैगम्बरपुर पंचकोसी थाना सारनाथ वाराणसी.
1.मु0अ0सं0 116/24 धारा 380/411/413 भादवि थाना मुगलसराय चन्दौली।
2.मु0अ0सं0-293/25 धारा-305/112(2) BNS थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली
3.सूरज यादव उम्र करीब 27 वर्ष पुत्र दशरथ यादव निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर जनपद वाराणसी.
1.मु0अ0सं0-293/25 धारा-305/112(2) BNS थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली
4.शेखर पटेल उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र मोतीलाल पटेल निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली.
1.मु0अ0सं0-293/25 धारा-305/112(2) BNS थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली

बरामदगी-

कुल 30 मोबाइल फोन

7600/-₹ नकद

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक गगन राज सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

2.उ0नि0 अभिषेक शुक्ला चौकी प्रभारी जलीलपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

3.उ0नि0 दिलीप कुमार सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

4.हे0का0 गौरव सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

5.का0 नजाकत हुसैन थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।